HINDI

Mr. Diijon DaCosta Sr., बोर्ड अध्यक्ष
Mrs. Deirdre P. Pierce, उपाध्यक्ष
Mrs. Anna Hill
Mrs. Whitney McGinniss
Ms. Allyson Gevertz
Mrs. Vickie B. Turner
Dr. Joyce Morley

Dr. Devon Q. Horton, अधीक्षक

08 सितम्बर 2023

प्रिय DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट समुदाय,

इस सप्ताह आपको दूसरी बार दुखद समाचार देते हुए मुझे बहुत अफसोस हो रहा है। हमारे स्कूल समुदाय में एक और त्रासदी हो गई है। इससे पहले, हमने वाहन दुर्घटना में Lakeside हाई स्कूल के तीन विद्यार्थियों की आकस्मिक मृत्यु का शोक मनाया था। इस बार Rock Chapel एलिमेंटरी के युवा विद्यार्थी की मृत्यु बिना लाइसेंस वाले हथियार की घटना सामने आई है।

इस प्रकार के समाचार मानवता के ऊपर हमारे विश्वास की परीक्षा लेते हैं। ऐसे में शोक में डूबना बहुत स्वभाविक होता है। डिस्ट्रिक्ट के तौर पर, हम उन विद्यार्थियों के परिवारजनों और दोस्तों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और समर्पित समर्थन जारी रखते हैं, जिन्हें बहुत जल्द हमसे छीन लिया गया है। पिता के तौर पर, मैं इस हानि को अच्छी तरह से समझता हूं और उम्मीद करता हूं कि ईश्वर शोकाकुल परिवार को जल्दी ही संभलने की ताकत प्रदान करे।

इस समय मुझे एक कोरियाई कहावत याद आ रही है: "*बच्चे की मृत्यु होने पर उसकी यादों को सदा अपने दिल में बसा कर रखते हैं।*" इस सप्ताह जिन विद्यार्थियों का देहांत हुआ है, वे हमेशा DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट के समृद्ध इतिहास का हिस्सा बने रहेंगे। अपनी एकता और दृढ़ता के ज़रिए हम अकाल मृत्यु को प्राप्त इन बच्चों का सम्मान करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उनकी याद हमेशा कायम रहे और हमारा हौसला बढ़ाती रहे।

मैं Rock Chapel एलिमेंटरी और Lakeside हाई स्कूल के विद्यार्थियों और स्टाफ को बताना चाहता हूं कि हम आपके लिए सदैव मौजूद हैं। ऐसे समय में हर किसी का शोक में डूबना स्वाभाविक होता है और इस शोक से बाहर निकलने में हम आपकी पूरी मदद करेंगे। इस संपूर्ण सप्ताह, मनोचिकित्सकों ने पूरे साहस के साथ निरंतर अपनी परामर्श और समर्थन सेवाएं प्रभावित लोगों को प्रदान की हैं और यह सेवाएं आगे भी जारी रहेंगी।

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट 92,000 विद्यार्थियों, 14,000 कर्मचारियों, अनगिनत परिवारों और हितधारकों का परस्पर जुड़ा हुआ समुदाय है। त्रासदी होने पर हम सभी मिलकर उसका मुकाबला करते हैं, क्योंकि एक समुदाय के तौर पर हम सहानुभूति और सदभावना में विश्वास रखते हैं। साथ मिलकर, अपनी सहानुभूतियों, अटूट समर्थन और करुणामय मार्गदर्शन से हम मृतकों का सम्मान करते हैं।

मैं चाहता हूं कि आप लोग अपने परिवार को समय-समय पर यह अवश्य बताएं कि आप उन्हें कितना चाहते हैं। मैं तो अवश्य ऐसा करूंगा।

गहरी सहानुभूति और अटूट समर्थन के साथ,

Devon Q. Horton

Dr. Devon Q. Horton, *अधीक्षक*
DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट